पद : कार्यक्रम प्रबंधक (पी.एम.) **पद कोड** : PM-07

कुल पद : 01 [एक]

समेकित शुल्क : योग्यता एवं अनुभव के आधार पर समेकित राशि प्रति माह 90,000/- रु. से 2,70,000/- रु. के मध्य।

अवधि : नियुक्ति 'सेवा हेतु अनुबंध' के अंतर्गत प्रारम्भ में तीन (03) वर्ष की अवधि अथवा परियोजना के साथ सह-समाप्ति अथवा जो भी पहले हो, हेतु होगी। परियोजना की वर्तमान अवधि जून'2024 तक है। अनुबंध का नवीनीकरण परियोजना के विस्तार या संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर सेवा जारी रखने की आवश्यकता पर निर्भर करेगा।

कार्य विवरण : कार्यक्रम प्रबन्धक का मुख्य कार्य कार्यक्रम प्रबंधन इकाई - राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन, बाइरैक में अपनी सेवाएँ प्रदान करना होगा और इसके अतिरिक्त यह अपेक्षा की जाती है कि उसके पास बायोथेरेप्यूटिक्स (टीके, मोनोक्लोनल एंटीबॉडी, बायोसिमिलर) और डिवाइस और डायग्नोस्टिक्स से संबंधित अनुवाद विज्ञान और उत्पाद विकास में विशेषज्ञता होनी चाहिए। वह प्रौद्योगिकी हस्तांतरण कार्यालय और आईपी मुद्दों को प्राथमिकता से समझ सके। इसके अतिरिक्त, भारत और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विचारकों एवं अग्रणी वैज्ञानिकों के साथ बातचीत तथा काम करना; प्रासंगिक क्षेत्रों में रणनीतिक सोच और दूरदर्शी विश्लेषण में योगदान देना; रणनीतिक लक्ष्यों के विरुद्ध प्रगति और असफलताओं का संचार करना; और महत्वपूर्ण रूप से मिशन के तहत समर्थित विभिन्न परियोजनाओं हेतु एक टीम के हिस्से के रूप में अनुदान/अनुबंध बनाना और प्रबंधित करना उसके अन्य कार्य होंगे।

मुख्य उत्तरदायित्व :

पद की जिम्मेदारियों में निम्नलिखित बिन्दु शामिल हैं:

- मिशन कार्यक्रम के कार्यान्वयन की जिम्मेदारियां जिसमें प्रस्तावों की मांग हेतु आरएफए लिखना, वैज्ञानिक मूल्यांकन एवं प्रस्ताव के मूल्यांकन हेतु राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ काम करना शामिल है।
- उच्च स्तरीय अनुदान प्रबंधन कौशल की आवश्यकता वाले जटिल अनुदानों के पर्याप्त पोर्टफोलियो का प्रबंधन करना।
- सभी I3 कार्यक्रमों हेतु सभी आवश्यक अनुबंध एवं समझौते तैयार करने के लिए विधि एवं वित्त के साथ कार्य करना।
- योजना और कार्यान्वयन सहित नवीन एवं वर्तमान में चल रही परियोजनाओं के सभी पहलुओं का प्रशासनिक कार्य एवं समन्वय करना।
- सभी कार्यक्रम निवेश एवं वित्तीय योजनाओं हेतु उत्तरदायी
- सभी गतिविधियों का समय पर निष्पादन सुनिश्चित करना।
- परियोजना की समीक्षा, नवीन क्षेत्र की प्राथमिकता निर्धारण एवं कार्यान्वयन हेतु रणनीति तैयार करने के लिए एसएजी, टीएजी एवं एससी के साथ मिलकर काम करने वाली परियोजनाओं की तकनीकी एवं वित्तीय दोनों की उचित निगरानी करना।
- अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और कार्यशालाओं सहित सभी बैठकों, परिचर्चा एवं सलाहकार समूह चर्चा के आयोजन हेतु उत्तरदायी

अनिवार्य योग्यता :

- स्वास्थ्य देखभाल संबंधी क्षेत्रों से संबन्धित परियोजना प्रबंधन में व्यापक एवं गहन ज्ञान के साथ जीवन विज्ञान / जैविक विज्ञान / जैव प्रौद्योगिकी / फार्मेसी में पीएचडी।

वांछनीय योग्यता :

- परियोजना प्रबंधन, सुदृढ़ योजना एवं विश्लेषणात्मक कौशल में अनुभव। उत्कृष्ट पारस्परिक एवं संवाद कौशल।
- प्रौद्योगिकी मूल्यांकन में अनुभव
- टीके, बायोथेराप्यूटिक्स और चिकित्सा उपकरणों आदि प्रासंगिक क्षेत्रों में तकनीकी दक्षता को प्राथमिकता दी जाएगी।

आयु सीमा - आवेदन की अंतिम तिथि पर अधिकतम 38 वर्ष।

अनुभव : अकादमिक, उद्योग अथवा समान पद पर न्यूनतम 6 वर्ष का अनुभव।

▪ वैज्ञानिक विशेषज्ञता के अतिरिक्त, कार्यक्रम प्रबंधक को विभिन्न समस्याओं एवं बाइरैक के मिशन से संबंधित प्रश्नों हेतु उत्साही, विनम्रता और आलोचनात्मक सोच का सकारात्मक प्रदर्शन करना। ▪ एक प्रभावी संचार और आउटरीच रणनीति तैयार करना एवं लागू करना। ▪ तकनीकी सलाहकार समूहों, बाइरैक, डीबीटी एवं विश्व बैंक के सदस्यों सहित अनुदान प्राप्तकर्ताओं तथा प्रमुख हितधारकों के साथ काम करना और संवाद स्थापित करना। ▪ उपकरणों एवं और डायग्नोस्टिक पोर्टफोलियो, मेड टेक सुविधाएं, स्केल-अप सुविधाएं, डी एंड डी के सीओवीआईडी 19 पोर्टफोलियो, पुराने और नए ट्रांसलेशनल रिसर्च कंसोर्टिया का प्रबंधन करना। ▪ प्रौद्योगिकी हस्तांतरण कार्यालय, एसएजी-डी एंड डी का निर्धारण एवं परियोजना प्रबंधन समिति की बैठकों की निगरानी करना एवं बाइरैक तकनीकी समूह की सहायता करना।	